जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2021/ 1270 दिनांक : 09.09.2021

द्वितीय अवसर विशेष परीक्षा अगस्त-2021

प्रति,

अंतिम अवसर

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः- **स्नातक** - बी.ए., बी.कॉम., बी.एस-सी. , बी.एस-सी. (होम साइंस) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, बी.लिब. (वार्षिक पाठ्यक्रम), एल.एलबी. द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम् सेमेस्टर, **स्नातकोत्तर** - एम.ए., एम.कॉम., एम.एस-सी., एम.एस-सी. (होम साइंस) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एल.एल.एम. द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर, एम.बी.ए. (फुल टाईम) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर, एम.लिब. द्वितीय सेमेस्टर, (महाविद्यालयीन- नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. छात्रों हेतु) एवं बी.ए.एल.एल.बी. द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम्, अष्ठम् एवं दशम् सेमेस्टर,बी.बी.ए. द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम् सेमेस्टर, बी.सी.ए. द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम् सेमेस्टर (अध्ययनशाला एवं महाविद्यालय के नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. छात्रों हेतु) के ओपन बुक परीक्षा मार्च-अप्रैल-जून -2021 के ऐसे छात्र जो ओपन बुक परीक्षा में किसी कारणवश सम्मिलित होने से छूट गए हैं, के ऐसे परीक्षार्थियों के लिये आयोजित ओपन बुक विशेष परीक्षा अगस्त -2021 (द्वितीय अवसर) (2nd CHANCE) मे सम्मलित समस्त परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक दिनांक **16.09.2021** तक ऑनलाइन अपडेट किये जाने वावत्।

सन्दर्भः- म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 1041/249/आउशि/शा5'अ'/2021 दिनांक 06.08.2021 के तारतम्य में ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के आदेशानुसार उल्लेख है कि, विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त अंकित कक्षाओं के ऐसे सभी परीक्षार्थी जो ओपन बुक परीक्षा मार्च/जून-2021 में किसी कारणवश सम्मिलित होने से छूट गए हैं अथवा परीक्षा में सम्मलित नहीं हो पाये है तथा वे महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा/आंतरिक मूल्यांकन की ओपन बुक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाऐं समयावधि में जमा नही कर पाये हैं। विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे सभी परीक्षार्थियों को म.प्र. शासन के उपरोक्त अंकित आदेश के पालन में द्वितीय अवसर प्रदान करते हुऐ उनको ओपनबुक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को अपने अग्रेषण महाविद्यालय में जमा कर ओपन बुक परीक्षा में सम्मलित होने का (द्वितीय अवसर) (2nd CHANCE) विशेष परीक्षा अगस्त - 2021 में प्रदान किया जा रहा है।

समस्त, महाविद्यालयों के प्राचार्यो को यह अवगत कराया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु किसी भी छात्र ने आपके महाविद्यालय से परीक्षा आवेदन पत्र भरा है, लेकिन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/प्रोजेक्ट परीक्षा की ओपन बुक परीक्षा में परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा है या अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं किये गये है अथवा जिनके द्वारा विशेष द्वितीय अवसर परीक्षा अगस्त-2021 में परीक्षा आवेदन भरा है। ऐसे सभी छात्रों से ओपन बुक परीक्षा पद्वति के अनुसार म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय स्तर से सेसनल के प्रश्नों को परीक्षार्थियों को प्रेषित करते हुऐ ओपन बुक पद्वति से उत्तरपुस्तिकायें प्राप्त कर मूल्याकंन उपरांत प्राप्तांको को संबंधित विश्वविद्यालय प्रेषित किये जाना है। अतः संबंधित महाविद्यालय समस्त छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/प्रोजेक्ट/मौखिक परीक्षा परीक्षा शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार संपदित कराकर आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/प्रोजेक्ट/मौखिक परीक्षा के अंक दिनाक **16.09.2021** तक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करें ।

विश्वविद्यालय द्वारा आपके ऑनलाइन पोर्टल पर ऐसे सभी छात्रों की कक्षावार विषयवार सूचियां प्रदर्शित कर दी गई हैं। जिनके अनुसार आप शीघ्रताशीघ्र अंक अपडेट करने की कार्यवाही करें।

महाविद्यालय प्राचार्य आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के प्रायोगिक परीक्षा/आंतरिक मूल्यांकन के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट किये जाने से शेष नहीं रहें। विश्वविद्यालय द्वारा छात्र के अंक पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थति में छात्र के बिलंव से अथवा ऑफलाइन अंक मान्य नहीं किये जावेगे तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत परिणाम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा। समयावधि में अंक ऑनलाइन नहीं करने वाले महाविद्यालयों के विरूद्व माननीय कार्यपरिषद के निर्णयानुसार प्रति महाविद्यालय रूपये 25000/- अर्थदंड आरोपित किये जावेगा।निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल पर आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट हेतु लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)